Seat No. : _______________

# MF-107(H)

**April-2025**

**M.Com., Sem.-III**

**506 (EA) : Financial Accounting & Auditing-II**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. अजय लि. और विजय लि. का समामेलन 1-4-2023 को हुआ । एक नई कंपनी विश्वास लि. का गठन दोनों कंपनियों के व्यापार को अधिग्रहित करने के लिए हुआ । **14**

| विवरण | अजय लि. | विजय लि. |
|---|---|---|
| **I. इक्विटी एवं दायित्व :** | | |
| (1) शेयरधारकों का कोष : | | |
| (a) शेयर पूँजी | | |
| ₹ 10 प्रत्येक के इक्विटी शेयर पूँजी | 7,50,000 | 6,00,000 |
| ₹ 100 प्रत्येक के 10% प्रिफरेन्स शेयर पूँजी | 4,00,000 | 3,00,000 |
| (b) रिज़र्व एवं अतिरेक | | |
| सामान्य रिजर्व | 1,75,000 | 1,25,000 |
| निवेश छूट रिजर्व | 75,000 | 25,000 |
| लाभ एवं हानि खाता | 1,00,000 | 50,000 |
| (2) गैर-चालू दायित्व : | | |
| (a) दीर्घकालिक ऋण | | |
| ₹ 100 प्रत्येक के 12% डिबेन्चर | 1,50,000 | 1,00,000 |
| (3) चालू दायित्व | 2,00,000 | 1,50,000 |
| **कुल** | **18,50,000** | **13,50,000** |
| **II. परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| (1) गैर-चालू परिसम्पत्तियाँ : | | |
| (a) स्थिर परिसम्पत्तियाँ : दृश्य परिसम्पत्तियाँ (बाजार मूल्य 25% अधिक है ।) | 15,00,000 | 10,00,000 |
| (b) गैर-चालू निवेश | 2,00,000 | 1,00,000 |
| (2) चालू परिसम्पत्तियाँ | 1,50,000 | 2,50,000 |
| **कुल** | **18,50,000** | **13,50,000** |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(1) दोनों कंपनियों के प्रिफरेन्स शेयरधारकों को बराबर संख्या में विश्वास लि. के 12% प्रिफरेन्स शेयर ₹ 125 प्रति शेयर (दार्शनिक मूल्य ₹ 100) के हिसाब से जारी किए गए ।

(2) दोनों कंपनियों के इक्विटी शेयरधारकों को बराबर संख्या में विश्वास लि. के ₹ 10 प्रत्येक दार्शनिक मूल्य के शेयर ₹ 12 प्रत्येक पर जारी किए गए ।

(3) अजय लि. और विजय लि. के 12% डिबेन्चरों की अदायगी के लिए विश्वास लि. के ₹ 100 प्रत्येक के 15% डिबेन्चरों को इतनी संख्या में जारी किया गया कि ब्याज की राशि समान बनी रहे ।

(4) निवेश छूट रिजर्व को 2 और वर्षों के लिए बनाए रखा जाना है ।

यह मानते हुए कि समामेलन खरीद स्वरूप में हुआ है, लेखा-शास्त्र मानक-14 के आधार पर विश्वास लि. की जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए एवं तुलन-पत्र तैयार कीजिए ।

**अथवा**

1. यह मानते हुए कि समामेलन विलयन स्वरूप में हुआ है, लेखाशास्त्र मानक-14 के आधार पर विश्वास लि. की जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए एवं तुलन-पत्र तैयार कीजिए । **14**

2. पंक्ति लि. और साक्षी लि. के 31-3-24 के तुलन-पत्र निम्न हैं : **14**

| विवरण | पंक्ति लि. | साक्षी लि. |
|---|---|---|
| **I. इक्विटी एवं दायित्व :** | | |
| (1) शेयरधारकों का कोष : | | |
| (a) शेयर पूँजी | | |
| ₹ 100 प्रत्येक के इक्विटी शेयर | 9,00,000 | 3,75,000 |
| (b) रिजर्व एवं अतिरेक : | | |
| सामान्य रिजर्व (1-4-2023) | 1,20,000 | 75,000 |
| लाभ एवं हानि खाता | 2,25,000 | 1,50,000 |
| (2) चालू दायित्व : | | |
| व्यापारिक देय : देय हूंडियाँ | 37,500 | 60,000 |
| लेनदार | 1,35,000 | 90,000 |
| **कुल** | **14,17,500** | **7,50,000** |

| | | |
|---|---|---|
| **II. परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| (1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | | |
| (a) दृश्य परिसंपत्तियाँ : | | |
| भूमि एवं भवन | 3,30,000 | 2,17,500 |
| प्लांट एवं मशीनरी | 2,70,000 | 1,35,000 |
| (b) अदृश्य परिसम्पत्तियाँ : | | |
| साख | 90,000 | 52,500 |
| (2) गैर–चालू निवेश | 4,50,000 | 45,000 |
| (3) चालू परिसम्पत्तियाँ | | |
| माल–सामान : स्टॉक | 1,65,000 | 1,42,500 |
| व्यापारिक प्राप्य : देनदार | 60,000 | 1,20,000 |
| प्राप्य हूंडियाँ | 30,000 | 16,500 |
| बैंक शेष | 22,500 | 21,000 |
| **कुल** | **14,17,500** | **7,50,000** |

अतिरिक्त सूचनाएँ निम्न हैं :

(1) 1 जुलाई, 2022 को पंक्ति लि. ने साक्षी लि. के 80% शेयरों को ₹ 120 प्रत्येक पर अधिग्रहित किया ।

(2) 1 अप्रैल, 2023 को साक्षी लि. का लाभ एवं हानि खाता ₹ 90,000 का जमा शेष दर्शा रहा है ।

(3) साक्षी लि. की देय हूंडियों में पंक्ति लि. द्वारा जारी ₹ 45,000 की हूंडियाँ शामिल हैं जिनमें बिना पकी हुई ₹ 30,000 की हूंडियों को पंक्ति लि. ने बट्टा (डिस्काउन्ट) करा लिया है ।

(4) साक्षी लि. के लेनदारों में पंक्ति लि. से ₹ 37,500 का खरीदा माल शामिल है । साक्षी लि. के स्टॉक में 31–3–2024 को ₹ 18,000 मूल्य का माल शामिल है । पंक्ति लि. लागत पर 20% के लाभ पर माल बेचती है ।

(5) साक्षी लि. के शेयरों के अधिग्रहण के समय, प्लांट एवं मशीनरी का किताबी मूल्य ₹ 1,50,000 था जिसे पुनर्मूल्यांकित कर ₹ 2,10,000 कर दिया गया । नए मूल्य को किताबों में शामिल नहीं किया गया ।

31-3-2024 को समेकित तुलन–पत्र तैयार कीजिए और आवश्यक गणनाओं को दर्शाइए ।

**अथवा**

2. (A) कंपनी अधिनियम की धारा 212 के तहत नियंत्रक कंपनी के वार्षिक खातों के साथ जोड़ने वाला पत्रक तैयार कीजिए । **7**

(B) नियंत्रक कंपनी की शेयर धारिता ₹ 10,00,000 है, जिसे पूर्ण प्रदत्त ₹ 100 प्रत्येक के 10,000 शेयरों में बाँटा गया है । सहायक कंपनी की शेयर पूँजी ₹ 2,00,000 है, जिसे पूर्ण प्रदत्त ₹ 10 प्रत्येक के 20,000 शेयरों में बाँटा गया है । **7**

**अन्य विवरण :**

| **31 मार्च को समाप्त होता वर्ष** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष की शुरुआत से नियंत्रक कंपनी द्वारा धारित शेयरों की संख्या | 8,000 | 12,000 | 16,000 | 14,000 | 13,000 |
| सहायक कंपनी का लाभ (₹) | 70,000 | 90,000 | 1,00,000 | 1,10,000 | 1,20,000 |
| सहायक कंपनी द्वारा भुगतान किए डिविडण्ड की दर | 8% | 10% | 11% | 11% | अघोषित |

कंपनी अधिनियम की धारा 212 के अनुसार व्यवहारित लाभ एवं अव्यवहारित लाभ की गणना कीजिए ।

3. सामान्य EDP नियंत्रण क्या है ? इसके बारे में सविस्तार लिखिए । **14**

**अथवा**

3. निम्न के उत्तर दीजिए : **14**

(1) भारत का समेकित कोष

(2) निष्पादन ऑडिट

4. प्रबंध ऑडिट क्या है ? प्रबंध ऑडिट की विभिन्न तकनीकों की चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

4. (A) लागत ऑडिट और वित्तीय ऑडिट के मध्य अंतर बताइए । **7**

(B) लागत ऑडिटर की योग्यता और नियुक्ति से संबंधित कंपनी अधिनियम के प्रावधानों की चर्चा कीजिए । **7**

5. दिए विकल्पों से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए : (कोई **सात**) **14**

(1) निम्न में से कौन सी कंप्यूटर भाषा है ?

(a) FORNET (b) COBOL

(c) SCALE (d) इनमें से कोई नहीं

(2) स्टॉक पर अप्राप्त लाभ _______ रद्द कर दिया जाता है ।

(a) 100%

(b) नियंत्रक कंपनी के शेयर (हिस्से) के बराबर

(c) 50%

(d) इनमें से कोई नहीं

(3) खरीद कीमत से ऊपर शुद्ध परिसम्पत्तियों का आधिक्य है

(a) पूँजी रिजर्व (b) साख

(c) सामान्य रिजर्व (d) राजस्व रिजर्व

(4) कॉस्ट ऑडिटर __________ के द्वारा नियुक्त किया जाता है ।

(a) निदेशक मंडल

(b) केंद्र सरकार

(c) सामान्य सभा में शेयरधारकों

(d) इनमें से कोई नहीं

(5) समामेलन और आमेलन के संदर्भ में निम्न में से कौन से रिजर्व को गैर–वैधानिक रिजर्व माना जाता है ?

(a) निवेश घट–बढ़ रिजर्व

(b) निवेश छूट रिजर्व

(c) विकास छूट रिजर्व

(d) इनमें से कोई नहीं

(6) सरकारी ऑडिट में कितने विभाग हैं ?

(a) 3 (b) 4

(c) 5 (d) 6

(7) कंपनी अधिनियम की धारा 212 के अंतर्गत किस प्रकार के लाभ को पत्रक में दर्शाया जाता है ?

(a) राजस्व लाभ (b) पूँजी लाभ

(c) राजस्व एवं पूँजी लाभ दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

(8) प्रबंध ऑडिट __________ का विस्तार है ।

(a) लागत ऑडिट

(b) कार्यक्षमता ऑडिट

(c) विशेष ऑडिट

(d) आंतरिक ऑडिट

(9) एक कंपनी के पास ₹ 10 प्रत्येक के 40,000 इक्विटी शेयर हैं । नई कंपनी ₹ 12 के प्रत्येक के मूल्य पर ₹ 10 प्रत्येक के 5 शेयरों के बदले 4 इक्विटी शेयर देगी । खरीद कीमत की गणना कीजिए ।

(a) ₹ 3,20,000 (b) ₹ 3,84,000

(c) ₹ 4,00,000 (d) ₹ 4,80,000

(10) CAAT का पूर्ण रूप क्या है ?

(a) Centrally Associated Accounting Technique

(b) Central Accounting and Audit Technique

(c) Computer Assisted Audit Technique

(d) Computerized Account Analysis Technique

(11) सहायक कंपनी और नियंत्रक कंपनी का समेकित तुलन–पत्र बनाते समय नियंत्रक कंपनी के प्रस्तावित डिविडेण्ड को किस तरह व्यवहारित किया जाएगा ?

(a) इसे सहायक कंपनी के लाभ एवं हानि खाते के अंतिम शेष में वापस जोड़ दिया जाता है ।

(b) इसे सहायक कंपनी के लाभ एवं हानि खाते के प्रारम्भिक शेष में वापस जोड़ दिया जाता है ।

(c) इसे समेकित तुलन–पत्र में दर्शाया जाता है ।

(d) इनमें से कोई नहीं

(12) प्रबंध ऑडिट की संकल्पना का उद्भव _________ में हुआ था ।

(a) भारत  (b) ऑस्ट्रेलिया

(c) यू.एस.ए.  (d) श्रीलंका